


भगवान राधाकृष्ण संग निकली... पृष्ठ 2 | छिल्हाटी में खुलेगा शासकीय... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




शनिवार, 07 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 142, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## यात्री बस पलटी, 6 की मौत, 9 गंभीर घायल



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। करडेगा से कुनकुरी की ओर आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं 9 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बस अनमोल बस एजेंसी की बताई जा रही है। बस में करीब दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। हादसा करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा के पास हुआ। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया तथा घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए तीन एम्बुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### सड़क हादसे पर सीएम साय ने जताया दुख, घायलों के बेहतर उपचार के दिए निर्देश



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में भीषण सड़क हादसे पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम गोडा अंबा के पास हुई बस दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। सीएम ने आगे कहा, इस दुर्घटना में कई लोगों के असामयिक निधन से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। बता दें कि आज सुबह करडेगा से कुनकुरी आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं 9 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटनाग्रस्त बस अनमोल बस एजेंसी का बताया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### होली की शाम स्टेट हाईवे पर गुंडागर्दी, शाखा चौराहा में राहगीरों से अवैध वसूली

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** होलिका दहन की शाम




राजनांदगांवङ्कवर्धा स्टेट हाईवे मार्ग पर स्थित शाखा चौराहा में असामाजिक तत्वों द्वारा राहगीरों की गाड़ियां रोककर अवैध वसूली और गाली-गलौज करने की घटना सामने आई है। छुईखदान से लगभग 5 किलोमीटर दूर इस चौराहे पर हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार होलिका दहन के दिन शाम के समय कुछ असामाजिक तत्व सड़क पर खड़े होकर इस मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियों को रोक रहे थे और चालकों से जबरन पैसे मांग रहे थे। पैसे देने से मना करने पर गाली-गलौज और डराने-धमकाने की भी बात सामने आई है। इस घटना के कारण खासकर शाम के समय इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों में काफी भय देखा गया।

### रायपुर प्रवास : संगठन पर चर्चा, फूलोदेवी नेताम को दी शुभकामनाएँ

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रवास के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान संगठन के विस्तार, सुदृढ़ीकरण तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विपिन यादव के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राहुल तिवारी, पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के पूर्व सदस्य मनोज सिन्हा तथा प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव राजकुमारी सिन्हा भी उपस्थित रहीं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात के उपरांत जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम से भेंट कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया तथा राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विपिन यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि फूलोदेवी नेताम राज्यसभा में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बस्तर की आवाज़ को बुलंदी से उठाएँगी और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उपरोक्त जानकारी जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।



## बागेश्वर धाम में महिला दिवस व रंग पंचमी का आयोजन

### महिला सम्मान के साथ खेली जाएगी फूलों की होली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 8 मार्च रविवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ-साथ होली का समापन पर्व रंग पंचमी है । इस दोनों त्यौहारों के अवसर पर श्री बागेश्वर धाम मंदिर में महिला सम्मान समारोह तथा साथ ही फूलों की होली का आयोजन श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रष्ट सहित संलग्र समस्त महिला समूह महिला मंडल द्वारा किया जा रहा है ।

उक्त जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम मंदिर सेवीका व महिला समूह की श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, श्रीमती मधु खंडेलवाल, श्रीमती मोना गोसाई, श्रीमती मौसमी शर्मा सहित श्रीमती दुर्गा गुप्ता, श्रीमती वंदना गुप्ता, श्रीमती चंचल गुप्ता द्वारा बताया गया कि, उक्त आयोजन पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन समाज सेवी श्रीमती श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव तथा समाज सेवी अधिवक्ता शारदा तिवारी के आतिथ्य में होगा । नारी शक्तियां जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष कर अपना मुकाम हांसिल किया है तथा अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है ऐसी 9 प्रतिभाओं जिनमें महिला चिकित्सक समाज सेवी महिला पुलिस स्वरोजगार शिक्षा क्षेत्र मितानिन, सफाईकर्मी के साथ-साथ थर्ड जेंडर का भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया जाएगा । इसके साथ ही महिलाओं के लिए रोचक खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक आयोजन होगा इसके साथ ही होली पर्व के समापन रंग पंचमी के अवसर पर बागेश्वर धाम भक्तों व उपस्थित जनों द्वारा फूलों की होली खेली जाएगी । कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे से श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में आरंभ होगा । आयोजन समिति द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के सम्मान समारोह व रंग पंचमी के फूलों की होली के आयोजन में अधिक से अधिक संस्कारधानी के महिलाशक्ति व भक्तों को उपस्थित होकर आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया।



### होली में दिखा उल्लास, नगरवासियो ने प्रेम, सदभावना एवं भाईचारा के साथ मनाई होली

**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** रंग अबीर का पर्व होली नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। पुलिस की सक्रियता से इस वर्ष होली में छिटपुट मारपीट से जुडी घटनाओ के अलावा कोई बडा वारदात नही हुआ। होली शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रेम सदभावना एवं कौमी एकता का पर्व होली में लोगो में काफी उल्लास व उत्साह देखा गया। नगर व क्षेत्रवासियो ने छक कर एक दूसरे को रंगो से भिंगोया एवं गुलाल से सरोबर कर दिया। होली से एक दिन पूर्व पुलिस द्वारा निकाले गए फ्लैग मार्च एवं होलीका दहन तथा होली के दिन एवं रात पुलिस की चौकसी तथा सक्रियता से अन्य वर्ष के मुकाबले इस बार होली में नगर व क्षेत्र में कही कोई बडी घटना एवं दुर्घटना नही घटी। होली से एक दिन पूर्व ने नगर के चारो दिशाओं में चेकिंग पांइट लगाकर तीन सीट एवं लापरवाही पूर्ण वाहन चलाने वाले तथा दुपहिया वाहनो के साइलेंसर निकाल कर वाहन चलाने वाले चालको तथा बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले नाबालिगो के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस की सख्ती के बाद होली के दिन असामाजिक तत्व भूमीगत नजर आए। वही होली के एक दिन पूर्व सोशल मीडिया में गुंडा बदमाशो की तरह रील बना कर डालने वाले आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई एवं जेल भेज दिए जाने से नगर में इस बार होली में मारपीट एवं अन्य वारदात की शिकायते प्राय: न के बराबर मिली। जिससे नगर में होली पुरी तरह शांतिपूर्ण मनाया गया। होली में नगर में जगह जगह होली मिलन का आयोजन किया गया। लोगो ने प्रेम व सदभावना के प्रतीक होली का पर्व बडे उल्लास व आंनद के साथ मनाया।



## जिले की हुनरमंद महिलाएं छू रही सफलता के क्षितिज

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से मिली एक राह और ताकत




**राज बिहान रसोई शहर में परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लोकप्रिय ठिहा**

**महिलाएं यदि ठान ले तो कोई भी कार्य कठिन नहीं : लखपति दीदी ज्ञानेश्वरी निषाद**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की हुनरमंद महिलाएं सफलता के क्षितिज छू रही है और अपने आत्मविश्वास एवं हौसले से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें एक राह और ताकत मिली। जिले में संचालित राज बिहान रसोई शहर में परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लोकप्रिय ठिहा है। इसकी संचालक प्रतिज्ञा महिला स्वसहायता समूह की लखपति दीदी श्रीमती ज्ञानेश्वरी निषाद ने कहा कि महिलाएं यदि ठान ले तो कोई भी कार्य कठिन नहीं है, सोचे नहीं थे कि छोटे से स्तर पर प्रारंभ किया गया यह व्यवसाय इतना बढ़ जायेगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होने से उनकी अपनी अलग एक पहचान बनी है। उन्होंने बताया कि राज बिहान रसोई में खुबसूरत सजावट किया गया है। यहां छत्तीसगढ़ पकवानों के लिए निरंतर आर्डर मिल रहे हैं, जिससे कार्य में मन लग गया है। समय पर आर्डर पूरा करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सभी महिलाएं एक साथ मिलकर मेहनत से कार्य कर रही हैं। राज बिहान रसोई में विभिन्न तरह के छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, बड़ा, फरा, चौसेला, मुगोड़ी, साबुदाना बड़ा, अइरसा, ठेठरी, खुर्मी, बालुशाही जैसे स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी पकवान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 15 हजार रूपए से 18 हजार रूपए तक की आमदनी प्राप्त हो रही है। माह में लगभग 35 हजार से 40 हजार रूपए मासिक आमदनी हो रही है। कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित राज बिहान रसोई में जनमानस जायकेदार व्यंजनों का लुफ्त उठाने प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। श्रीमती ज्ञानेश्वरी निषाद ने बताया कि समूह से जुड़ने के पहले वे खेती-किसानी के कार्यों में परिवार की मदद करती थी और आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। अपनी आय में बढ़ोत्तरी के लिए वे गांव में सामाजिक कार्यों में भोजन बनाने का कार्य मजदूरी में करती थी। कार्य में वृद्धि होने से उन्हें आर्डर प्राप्त होने लगे और उन्होंने बिहान से जुड़कर ऋण लेकर यह व्यवसाय प्रारंभ किया। उन्होंने बताया उनकी टीम में शामिल प्रत्येक सदस्य लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। भविष्य में उनका यह सपना है कि टीम के सभी सदस्य और अधिक आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हो और राज बिहान रसोई के और भी ब्रांच हो। उन्होंने बताया कि बचत होने पर अपने घर के लिए मिक्सी एवं फ्रिज खरीदा है और कुछ दिनों पहले 50 हजार रूपए की राशि से अपने लिए सोने के झुमके खरीदे हैं। श्रीमती ज्ञानेश्वरी निषाद ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें बहुत मदद मिली। उत्साहवर्धन हेतु स्थानीय स्तर के शासकीय एवं अशासकीय मेला एवं मड़ई में कैटरिंग कार्य हेतु भेजा गया। उनकी उत्सुकता एवं रूचि को देखते हुए सरस मेला गुडग़ांव, दिल्ली, गुरूग्राम, कलकत्ता, केरल, रायपुर, भिलाई भेजा गया। प्रत्येक सरस मेला में अपनी टीम के साथ कार्य करते हुए लगभग एक-एक लाख रूपए से अधिक शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।



## एसबीआई छुईखदान की लचर व्यवस्था से ग्राहक परेशान

### छोटे कामों के लिए भी कई-कई दिन लगाने पड़ रहे चक्कर

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की कमी और ग्राहकों के प्रति उदासीन रवैये के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बैंकिंग कार्यों के लिए भी ग्राहकों को कई दिनों तक बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार छुईखदान निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक ईश्वर दास कोशरे के खाते से आधार के माध्यम से पैसे नहीं निकल पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर वे कई बार बैंक पहुंचे, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा उन्हें बार-बार बस स्टैंड स्थित छोटी शाखा में जाने की बात कहकर लौटा दिया गया। बताया जा रहा है कि लगभग दो महीनों से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे उन्हें लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी तरह रोशन चंद्राकर को अपने खाते का स्टेटमेंट प्राप्त करने के लिए करीब एक सप्ताह तक बैंक के चक्कर लगाने पड़े। कई बार बैंक जाने के बाद कहीं जाकर उन्हें स्टेटमेंट मिल पाया। वहीं प्रेम श्रीवास द्वारा अपने खाते में पैसा जमा करने के बाद भी दो दिनों तक राशि खाते में प्रदर्शित नहीं हुई। इस समस्या के समाधान के लिए उन्हें भी तीन-चार दिनों तक बैंक के चक्कर काटने पड़े, तब जाकर उनकी समस्या का समाधान हो पाया। ग्राहकों ने यह भी आरोप लगाया है कि बैंक में कई बार कर्मचारियों द्वारा बीमा करवाने के लिए ग्राहकों पर दबाव बनाया जाता है। कई मामलों में ग्राहकों की जानकारी या सहमति के बिना ही उनके खातों से बीमा योजनाएं जोड़ दी जाती हैं। जब ग्राहकों को इसकी जानकारी मिलती है, तब उन्हें बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस स्थिति से खासकर ग्रामीण और बुजुर्ग ग्राहक अधिक परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि छुईखदान ब्लॉक में लगभग 107 पंचायतें हैं और स्वयं छुईखदान एक नगर पंचायत है। क्षेत्र की बड़ी आबादी—जिसमें किसान, मजदूर, व्यापारी और पेंशनधारी शामिल हैं—अपनी बैंकिंग जरूरतों के लिए इसी बैंक पर निर्भर है। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में ग्राहकों की सेवा के लिए शाखा में मात्र तीन कर्मचारियों के भरोसे ही कामकाज चल रहा है, जिसके कारण बैंक में कार्यों की गति काफी धीमी हो गई है। ग्राहकों का आरोप है कि कर्मचारियों की कमी के साथ-साथ कुछ कर्मचारियों का व्यवहार भी संतोषजनक नहीं है। कई बार घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी लोगों का काम नहीं हो पाता और उन्हें अगले दिन फिर से बैंक आना पड़ता है। इससे दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों को समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मामला सामाजिक हित से जुड़ा हुआ है, क्योंकि बैंक से क्षेत्र के हजारों लोग जुड़े हुए हैं। ऐसे में यदि समय पर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो लोगों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। ग्राहकों और स्थानीय लोगों ने बैंक प्रबंधन तथा उच्च अधिकारियों से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, ग्राहकों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करने और बैंकिंग सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके।



CMYK

# भगवान राधाकृष्ण संग निकली भव्य रंगोत्सव शोभायात्रा










**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक रंगोत्सव शोभायात्रा इस वर्ष भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। भगवान राधाकृष्ण को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर निकाली गई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। फागुन के भजनों, गुलाल और केसरिया रंगों के बीच नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी बन गया।

**मुख्य अतिथियों ने की पूजा-अर्चना**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा , श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने भगवान राधाकृष्ण की पूजा-आरती कर शोभायात्रा को विधिवत रवानगी दी। शोभायात्रा दौरान महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत भी शामिल हो नगर भ्रमण किए।

**नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभायात्रा**

सुबह 9:30 बजे कामठी लाइन स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, जगन्नाथ मंदिर मार्ग, गौशाला पारा, तेली पारा, जैन दादा बाड़ी मंदिर, जैन मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, गंज बालाजी मंदिर, गंज लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग और दासी श्याम गली होते हुए पुन: सत्यनारायण मंदिर पहुंची। दोपहर लगभग 12:30 बजे शोभायात्रा का समापन हुआ।

## नगर में उमड़ा आस्था और उल्लास का रंग

**सुगंधित रंगों से खेली गई होली**

मंदिर समिति द्वारा प्राकृतिक फूलों से तैयार केसरिया रंग की व्यवस्था की गई थी। रथ से श्रद्धालुओं पर रंग की फुहार डाली गई, जिससे भक्त और भगवान के साथ रंग खेलने की अद्भुत परंपरा जीवंत हो उठी।

**नागरिकों ने किया स्वागत**

यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा ठंडाई, मिठाई, फल एवं जलपान की व्यवस्था की गई। फागुन के गीतों और ढोल की थाप पर युवक, बच्चे और बुजुर्ग नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने कहा कि यह रंगोत्सव सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्षों से इस आयोजन के माध्यम से मर्यादित और सकारात्मक वातावरण में होली मनाने की प्रेरणा मिलती रही है तथा समाज में भाईचारे का संदेश प्रसारित होता है।

**रंगोत्सव की 5 प्रमुख झलकियां**

भगवान राधाकृष्ण को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलों से तैयार सुगंधित केसरिया रंग की फुहार श्रद्धालुओं पर डाली गई। फागुन के भजनों और ढोल की थाप पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा मार्ग में नागरिकों द्वारा ठंडाई, मिठाई और फल से स्वागत किया गया। भव्य चलित झांकी और साफा- टोपी में सजे श्रद्धालुओं ने आयोजन को आकर्षक बनाया।

## भेड़ीकला साहू समाज ने परदेशी साहू का किया सम्मान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवानिवृत्त प्रधानपाठक परदेशी राम साहू को समाज व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए शाल व श्रीफल भेंटकर ग्राम साहू समाज भेड़ीकला द्वारा सम्मान किया गया। उपाध्यक्ष पोषण दास साहू ने बताया कि परदेशी राम साहू पिछले 43 वर्षों से साहू समाज के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए समाज की सेवा कर रहे हैं। वे ग्राम साहू समाज भेड़ीकला व परिक्षेत्र साहू समाज बघेरा के दो- दो बार सचिव तथा तहसील साहू संघ राजनांदगांव के संयुक्त सचिव , अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ राजनांदगांव के दो- दो बार संयोजक रह चुके हैं। वर्तमान में जिला राजनांदगांव व दुर्ग संभाग सलाहकार , प्रदेश सह संयोजक, आदर्श साहू समाज भेड़ीकला के अध्यक्ष, ग्राम इकाई भेड़ीकला व परिक्षेत्र साहू समाज बघेरा के संरक्षक तथा तहसील राजनांदगांव आपदा प्रबंधन व स्वास्थ्य सेवा के संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे एक कुशल मंच संचालक, लोक कलाकार, सरस्वती कला निकेतन मानस प्रचार समिति, नव जागृति कालिका समिति के सचिव, गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला के वरिष्ठ कार्यकर्ता, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग महा संघ रायपुर के आजीवन सदस्य हैं। उनके इस उपलब्धि पर ग्राम साहू समाज भेड़ीकला अध्यक्ष मोहन लाल साहू, उपाध्यक्ष पोषण दास साहू, तेजेश्वरी साहू,सचिव तारेंद्र दास साहू, कोषाध्यक्ष लोमश दास साहू ,संगठन सचिव सूर्य प्रकाश साहू, सरिता साहू, ईश्वर लाल साहू, संरक्षक मंगल दास साहू,शिव कुमार साहू, सुन्दर लाल साहू। पार प्रमुख सुकालू राम साहू, उमराव सिंह साहू, पूनम साहू, पंचराम साहू, मनोज साहू, गुलाब दास साहू, लता साहू, जान्हवी साहू, धीरज साहू, कोमिन, प्रभा, युवरानी, धनेश्वरी, खिलेश्वरी साहू, सुदामा साहू , लेख राम, बेदराम साहू आदि ने बधाइयां दी हैं।



## होली के दिन डोंगरगांव में मातम : प्रशांत जैन ने की आत्महत्या, 1 साल पहले खोली थी नई भव्य दुकान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रंगों के पर्व होली के बीच नगर में उस समय गहरा शोक छा गया, जब 39 वर्षीय प्रतिष्ठित व्यापारी प्रशांत जैन (स्वप्निल) ने कथित रूप से लोहे की चेन के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक उनके घर के बाहर पहुंच गए और शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मित्रजनों के अनुसार, वे कुछ समय से अस्वस्थ थे और नागपुर में इलाज चल रहा था। करीब एक वर्ष पूर्व ही उन्होंने नगर में अपनी नई और भव्य दुकान प्रशांत होलसेल बाजार की शुरुआत की थी, जो कम समय में ही थोक व्यापार के क्षेत्र में स्थापित नाम बन गई थी।



**पिता के निधन के बाद संभाला था कारोबार**

करीबी लोगों ने बताया कि लगभग 25 वर्ष पूर्व पिता के निधन के बाद उन्होंने कम उम्र में ही पारिवारिक व्यापार की जिम्मेदारी संभाली और अपने प्रयासों से उसे आगे बढ़ाया। होली के आयोजन किए गए स्थगित होली के चलते बाजार पूर्व निर्धारित रूप से बंद था, लेकिन नगर में चल रहे होली उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को घटना के बाद तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया। उत्सव का माहौल देखते ही देखते शोक में बदल गया। भरा-पूरा परिवार छोड़ गए, छोटे बच्चों के थे पिता प्रशांत जैन अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे छोटे-छोटे बच्चों के पिता थे। उनके असामयिक निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के कारण वे समाज में लोकप्रिय थे। घटना के बाद पूरे नगर में शोक व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वे शोभा जैन के ज्येष्ठ सुपुत्र और सौरभ जैन के बड़े भाई थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202602094800016**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2025-2026
बिचारपुर प.ह.न. 00006 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -रेखा मंडावी,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा मंडावी पिता मन्त्रूराम जाति गोड़ निवासी विचारपुर, ग्राम पंचायत पंडरापानी तहसील- छुरिया, जिला- राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है। अपने स्वयं का जन्म दिनांक 10.01.1988 को ग्राम विचारपुर तहसील छुरिया में हुआ है जिसके जन्म का पंजीयन आवेदिका के है कि आवेदिका पालक भूलवश नहीं करा पाये है जिसके फलस्वरूप आवेदिका द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 10.01.1988 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, जिला सांख्यिकी विभाग राजनांदगांव से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति पेश किया गया है। पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 27-02-2026 को स्वयं वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के रश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। 10/03/26

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील

Abdul Vashim Siddiqui
नायब तहसीलदार
छुरिया

## अन्य प्रदेश से विवाह के बाद छत्तीसगढ़ में आई लड़कियों का नहीं बन रहा छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण-पत्र संघर्ष रहेगॉ जारी- लवकुमार रामटेके

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की योग्य, शिक्षित व उच्च शिक्षित लड़कियाॅ जो विवाह के बाद छत्तीसगढ़ में रह रही है उनका जाति प्रमाण छत्तीसगढ़ में जारी नहीं हो रहा है. जबकि वे उन लड़कियों/महिलाओं के पास अपने मूल राज्य जैसे- महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड आदि प्रदेश से अपने पिता पूर्वज के आधार पर जारी उस प्रदेश का (छत्तीसगढ़ से बाहर का) स्थायी जाति प्रमाण पत्र है. इसके वाबजूद भी वे छत्तीसगढ़ में वह सामान्य वर्ग में आ रही है उन्हें आरक्षित वर्ग में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है. जबकि वे योग्यता रखती है, यदि उन्हें आरक्षण का लाभ छत्तीसगढ़ में मिल जायें, तो वे भी एक अच्छे पद पर अच्छे मुक़ाम पर पहुंच सकती है. लवकुमार रामटेके, अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट मो. 9827480450 ने प्रेस को बताया कि अन्य प्रदेश से विवाह के बाद छत्तीसगढ़ आई अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की लड़कियों/महिलाओं को उनके हक दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. और आरक्षित वर्ग के लोगों को जागरूक किया जा रहा ताकि ने अपनी योग्यता के



आधार छत्तीसगढ़ राज्य में आरक्षण का लाभ ले सकें. श्री रामटेके ने बताया कि इनके द्वारा राज्य सरकार को सुझाव भेजे जा रहें है, जिसमें छत्तीसगढ़ के बाहर के प्रदेश से विवाह उपरांत आई लड़कियों/महिलाओं को उनके पूर्व में जारी जाति प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ प्रदेश में उनके पति को जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, उनके पिता के प्रदेश के दस्तावेजों को आधार मानकर उन्हें छत्तीसगढ़ में आरक्षण का लाभ देने के लिये प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है. भारतीय परंपरा के अनुसार सामान्य नियम तय है कि विवाह उपरांत महिलायें अपने पति के घर में रहती है. चाहे वह किसी भी प्रदेश की मूल निवासी हो. विवाह के उपरांत लड़की/महिला ने अपना प्रदेश छोड़ा है ना की जाति. उसकी मूल जाति वहीं है जो उसके पिता/पूर्वज की है. यदि सरकार उसे विवाह के बाद उस नये प्रदेश में आरक्षण का लाभ नहीं दे रही है तो सरकार वैवाहिक संबंध एक प्रदेश तक ही सीमित करना चाह रहीं, जो प्राकृतिक व संवैधानिक अधिकारों का हनन है. श्री रामटेके ने कहाॅ कि हम उनका हक अधिकार दिलाने लगातार संघर्ष करते रहेगें.

## दिल्ली में आयोजित दैनिक भास्कर इंडिया प्राइड अवार्ड समारोह में विष्णु लोधी सम्मानित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित दैनिक भास्कर इंडिया प्राइड अवार्ड समारोह में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी को सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर देशभर से आए वरिष्ठजन, युवा, किसान, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, उद्योगपति, राजनीतिक प्रतिनिधि तथा महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समाज, युवाओं, गरीबों, मजदूरों और किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों का सम्मान है। यह उपलब्धि उन्हें जनसेवा, सामाजिक कार्यों और जनहित के मुद्दों पर और अधिक मजबूती तथा समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती है। विष्णु लोधी ने इस सम्मान को समाज और क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि उन्हें जो स्नेह, विश्वास और समर्थन मिला है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी सहयोगियों, शुभचिंतकों और समर्थकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगे भी वे समाज, किसानों, युवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## भारत ढाबा में 7 पेटी अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही

### पुलिस ने ढाबा मालिक को भेजा जेल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर और ग्रामीण स्तर पर भारत ढाबा अमलीडीह का संचालक निजामुद्दीन अंसारी ऊर्फ राजा पिता अब्दुल हकीम अंसारी उम्र 34 वर्ष वार्ड नंबर 15 मटिया रोड डोंगरगांव अपने भारत ढाबा मे अवैध रूप से बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा था पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से 320 नग देशी प्लेन शराब शोले और 16 पौवा अंग्रेजी शराब ग्रीन लेबल ब्रांड, (07 पेटी) जप्त की गई। आरोपी निजामुद्दीन अंसारी ऊर्फ राजा पिता अब्दुल हकीम अंसारी उम्र 34 वर्ष वार्ड नंबर 15 मटिया रोड डोंगरगांव,के पास अवैध शराब बरामद कर मौके पर ही पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्त कर कार्यवाही की, टी आई आशीर्वाद रहटगांवकर ने बताया है कि आरोपी ने इस अवैध शराब को होली पर्व में खपाने के लिए लाया था पुलिस ने पहले ही अवैध शराब बेचने वाले, गुंडा बदमाश को होली पर्व में चेतावनी दी गई थी, पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले आरोपी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है,



## खुज्जी केन्दीय बैंक का हाल बेहाल, मैनेजर की घोर लापरवाही

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खुज्जी में नौ सेवा सहकारी समिति बैंक जिसमें गिदर्री, सम्बलपुर, उमरवाही, खुर्शीपार , पांगरी, सोनेसरार , किरगी, रतनभाट और खुज्जी से लगभग 12-14 हजार किसानों का लेन-देन इस बैंक से होता है अभी हाल ही में राज्य सरकार द्वारा किसानों की डाली गयी अंतर की राशि को निकालने बैंक में इन दिनों अच्छी खासी भीड़ है, पर बैंक मैंनेजर संजय बाजपेयी का व्यवहार किसानों पर भारी पड़ते दिखाई दे रहा है, बैंक प्रबंधन द्वारा सबसे पहले किसानों को रोकने मेन गेट पर ताला जड़ दिया जाता है और पैसा निकालने आये किसानों से कहा जाता है कि वो बाहर से फार्म भरकर लाये, जबकि फार्म बैंक के अंदर होता है, अब किसान कहां से फार्म भरकर लाये., बैंक का चपरासी जो मेन गेट पर बैठा होता है, भारी मान मनौव्वल के बाद ही पैसा निकालने वाला फार्म लाकर देता है, पर बैंक के अंदर वो नही जा सकता, ऐसे ही जिन्हे राशि जमा करना है वो भी अंदर नहीी जा सकते। चपरासी का कहना है कि पैसा जमा करना है तो फार्म भरकर दे दो मैं जमा करवा दूंगा, चपरासी से आये दिन किसानों की बहस होती रहती है, बहस बढ़ने के बाद बैंक मैंनेजर संजय बाजपेयी आकर किसानों से कहते हैं तुम्हारा काम नही होगा , सामान्य कामों के लिये बैंक मैंनेजर की बैंकिंग प्रबंधन व्यवस्था लाचार और बेबस ही दिखाई देता है जैसे ही एक ग्राम जोंधरा निवासी देवेन्द्र शेण्डे जो कि पिता की मृत्यु के बाद पिता के पर्चे में स्थित राशि को अपने नाम करने हेतु क्या करना पड़ेगा की जानकारी लेने के लिए आये हुए थे, सबसे पहले तो चपरासी उन्हे बैंक में घुसने ही नही दिया, फिर चपरासी के साथ बहस बढ़ने के बाद बैंक मैनेजर संजय बाजपेयी ने किसान देवेन्द्र शेन्डे को एक लाईन में कह दिया कि तुम्हारा जो भी है आज नही होगा मतलब नही होगा।



**शुभांक**

6-8-9

140-5 123-6

**भाग्यांक**

466-6 ----


## होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाई चारे, एकता और खुशियों का प्रतीक है : संजय सिन्हा

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के ग्राम बोईरडीह,जरहमका, भोलापुर, हैदलकोड़ो, पदगुड़ा, खुर्शीपार, घुपसाल, बेलरगोंदी में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित फाग महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि/अध्यक्षता के रूप में जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे । इस दौरान श्रीमती बीरम मंडावी सभापति जिला पंचायत,खिलेश्वर साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा गैंदाटोला,श्रीमती उत्तरा निषाद सभापति,भेष बाई साहू सभापति मौजूद रहे । फाग महोत्सव के पावन अवसर पर श्री सिन्हा कहा कि यह त्योहार छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्योहार है,आज हम सब यहाँ भारत के सबसे आनंदमय और रंगों से भरे पर्व होली के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे, एकता और खुशियों का प्रतीक है। होली का पर्व हमें यह संदेश देता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएँ, अंत में जीत हमेशा अच्छाई की ही होती है। इस पर्व के पीछे भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा जुड़ी हुई है, जिसमें भगवान की भक्ति और सत्य की जीत का संदेश मिलता है। खिलेश्वर साहू ने बताया कि होली का त्योहार हमारे समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करता है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गले मिलते हैं। यही कारण है कि होली को मिलन और खुशियों का पर्व कहा जाता है। उत्तरा निषाद ने कहा कि हमारे गाँवों और शहरों में होली के समय विशेष उत्साह देखने को मिलता है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी मिलकर इस त्योहार को मनाते हैं। कहीं फाग गीत गाए जाते हैं, कहीं ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग नाचते हैं, तो कहीं स्वादिष्ट पकवान जैसे गुजिया, मालपुआ और ठंडाई का आनंद लिया जाता है।



## होलिका दहन एवं रंगों का पर्व होली धूमधाम से एवं शांतिपूर्वक मनाया गया

**तुमड़ीबोड़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम तुमड़ीबोड़ सहित आसपास के गांवों में 2 मार्च को होलिकादहन और 4 मार्च को रंगों का पर्व होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया । होलिकादहन की पूर्व संध्या गांव के लोगों ने हनुमान मंदिर, और शीतला मंदिर बाजार चौक के पास कंडा और लकड़ी इकठ्ठा किया गया और रात्रि के शुभ मुहूर्त में दोनों जगहों पर पूजा हुम करके होलिका दहन किया गया इस दौरान ग्राम पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**न्यायालय नायब तहसीलदार, छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई क्रमांक: 202602290800019- ब/ 121 / वर्ष 2025-2026 साकिन - छुईखदान**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंथीरदास मानिकपुरी पिता अधीनदास जाति-पनिका, निवासी ग्राम छुईखदान, तहसील-छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान गण्डई छ0ग0 के द्वारा अपने बडे पिता जी चमरादास का स्वर्गवास दिनांक 15/05/1983 को ग्राम-छुईखदान में होना उल्लेखित करते हुए ग्राम नगर पंचायत छुईखदान में दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 19/03/2026 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर काई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/2/2026 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
छुईखदान (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

**शपथ पत्र**

समक्ष ।:- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छतीसगढ़)
शपथकर्ता : मन्नू पिता घसिया, उम्र 72 वर्ष, जातिङ्कोष्टा,
वर्तमान निवासी - वार्ड क्र. 17, शिवपुरी, जामुल, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी निवासी - ग्राम दपका, तहसील-खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)
मैं, मन्नू पिता घसिया, जाति कोष्टा, निवासी ग्राम दपका, तहसील खैरागढ़, जिला केसीजी (छ.ग.), विधिवत शपथपूर्वक निम्नानुसार कथन करता/करती हूं कि - 1. यह कि मैं ग्राम दपका, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मेरा वर्तमान/पुराना नाम च्मन्नू पिता घसियाज् है, जो कि मेरा घरेलू नाम है एवं मेरे संयुक्त स्वामित्वाधिकार की कृषि भूमि अभिलेखों में इसी नाम से अंकित है। अब मैं स्वेच्छा से अपना नाम बदलकर च्जगतु राम देवांगनज् रखना/करवाना चाहता हूं। 3. यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक या दीवानी प्रकरण लंबित नहीं है तथा किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था में मेरे नाम से कोई बकाया ऋण शेष नहीं है। 4. यह कि नाम परिवर्तन उपरांत यदि मेरे द्वारा कोई भी गैरकानूनी कार्य किया जाता है, तो उसके लिए मैं स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी रहूंगा। 5. यह कि मैं यह शपथपत्र अपने पूर्ण होशोहवास में, बिना किसी दबाव या प्रलोभन के, स्वेच्छा से हस्ताक्षर कर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांक : 27.02.2026
स्थान : खैरागढ़

शपथकर्ता
(हस्ताक्षर)
मन्नू पिता घसिया
(प्रस्तावित नाम - जगतु राम देवांगन)

## ज्ञान मंथन

*1) घुटने की पुनर्वास के लिए किस संस्थान ने एक पेटेंटेड मैकेनिकल पैसिव मोशन मशीन लॉन्च की है?*
*2) भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ किया गया?*
*3) महरौली का लौह स्तंभ किस राजवंश के शासनकाल के दौरान बनाया गया था?*
*4) हाल ही में निधन हुए पैरा लंबी कूद एथलीट निकोलस हुम किस देश से थे?*
*5) यूरोप की दुर्लभ पक्षी ऑर्टोलान बंटिंग को हाल ही में भारत के किस राज्य में देखा गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) आईआईटी रोपड़ (2) सोनीपत, हरियाणा (3) गुप्त राजवंश (4) ऑस्ट्रेलिया (5) पश्चिम बंगाल

# चिल्हाटी में खुलेगा शासकीय कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान चिल्हाटी क्षेत्र के गामीणो की वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत

### शासकीय शराब दुकान खुलने से शराब के अवैध कारोबार में लगेगा विराम, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश की शराब बिक रही थी बेरोक-टोक

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** छग महाराष्ट्र सीमा पर स्थित विकासखंण्ड के प्रमुख कस्बा चिल्हाटी एवं इससे लगे दर्जन भर से अधिक ग्रामो के ग्रामीणो की चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान खोलने की वर्षों पुरानी मांग साकार हो गई है। छग शासन ने चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान खोलने की मंजूरी दे दी है। राज्य शासन ने चिल्हाटी में कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान खोलने की स्वीकृती दी है। छग सरकार के इस निर्णय से न केवल चिल्हाटी बल्कि इसके आस पास के गांवो में हो रही शराब की अवैध बिक्री पर विराम लगेगा और शासन को प्रतिदिन राजस्व के रूप में हजारो रुपये का आय प्राप्त होगा।

**शराब कोचियो का गढ बन गया था चिल्हाटी**

चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान नही होने से यह कस्बा शराब कोचियो का गढ बन गया था। चिल्हाटी सहित आस पास के गांवो में जगह जगह शराब का अवैध व्यापार हो रहा था। गांवो में पान दुकान व छोटे छोटे दुकान की तरह लोग बेरोक-टोक शराब का अवैध व्यापार कर रहे थे। यंहा तक महुए की शराब की बिक्री भी धडल्ले से हो रही थी। जिससे इस क्षेत्र के ग्रमीण खासे परेशान हो रहे थे। परेशानी इसलिए अधिक थी, क्योकि शराब यहां पर दोगुने दाम पर बेचा जा रहा था और आसपास गांवो में सस्ते में शराब पीने व खरीदने जाने के लिए आवागमन के दौरान सडक दुर्घटनाए भी हो रही थी। इसलिए इस क्षेत्र के ग्रामीण वर्षों से चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान खोलने की मांग कर रहे थे।

**ग्राम पंचायत में भी शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव**

चिल्हाटी के ग्रामीणो की मांग को देखते हुए यंहा के ग्राम पंचायत ने भी विधिवत पंचायत की बैठक कर चिल्हाटी में शराब दुकान खोलने के



लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था। पंचायत पदाधिकारियो का भी शिकायत थी कि चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान नही होने से यंहा पर शराब का अवैध व्यापार हो रहा है। यंहा पर बडी आसानी से महाराश्ट्र, मध्यप्रदेष व छग की षराब दोगुने दाम पर मिल जाती है। शिकायत किए जाने पर भी आरोपियो के खिलाफकार्रवाई नही होती थी। आरोप तो यंहा तक था की जिनके हाथो में शराब का अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने एवं कार्यवाही करने की जिम्मेदारी है वे ही आरोपियो से सांठगांठ कर उन्हे संरक्षण दे रहे थे।

**आबकारी विभाग के प्रमुख सचिव से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष**

छग शासन में वाणिज्यकर एवं आबकारी विभाग की प्रमुख सचिव आईएएस आर संगीता से मंत्रालय महानदी रायपुर में 19 फरवरी को भेट कर इस क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने चिल्हाटी की स्थितियो से अवगत कराते हुए छग शासन से शराब दुकान खोलने की मांग की थी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव को बताया की चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान खोलने से शासन को प्रतिदिन हजारो रूपए का राजस्व प्राप्त होगा। एवं इस क्षेत्र के मदिरा प्रेमियो को शराब के लिए इधर उधर भटकना हनी पडेगा। और शराब के अवैध करोबार पुरी तरह से अंकुश लगेगा। और इस इलाके में हो रही महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश के शराब के अवैध कारोबार पर भी विराम लग जाएगा। प्रमुख सचिव ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया था कि जल्द से जल्द चिल्हाटी में शासकीय शराब दुकान खोला जाएगा और 23 फरवरी को शासन ने चिल्हाटी में शराब दुकान खोलने की मंजूरी दे दी।

**मोहला में भी खुलेगा शराब दुकान**

अंबागढ चौकी के चिल्हाटी के साथ साथ मोहला जिला मुख्यालय में भी शराब दुकान खोलने की मंजूरी शासन ने दी है। यहाँ पर भी शासन ने अपने 23 फरवरी के आदेश में चिल्हाटी की तरह मोहला में कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान खोलने की स्वीकृती दी है। आबकारी विभाग के अपर आयुक्त द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1165 23 फरवरी में विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिया है की आपत्तिरहित स्थल का चयन कर नियमो के अनुरूप मदिरा दुकान का संचालन किया जाए।

## सरपंच ने स्कूली बच्चों को कम्प्यूटर वितरण किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में स्कूली बच्चों को वर्तमान सरपंच शरद वैष्णव के द्वारा कम्प्यूटर का क्रय कर 5 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर आसरा को वितरण किया गया। इस समारोह में विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य अनिता पंचारी, वर्तमान सरपंच शरद कुमार वैष्णव , मुकेश कुमार साहू (अध्यक्ष ग्राम समिति) ,डेरहादास साहू ,शिवकुमार भक्ता ,परमाराम साहू, नरेंद्र पंचारी , मदनलाल साहू, भागचंद साहू ,तीरथ राम कंवर, लखन लाल साहू। जनक लाल साहू, भगवान दास साहू ,प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्रा, पवन कुमार यादव, भागवत राम कंवर एवं सरस्वती शिशु मंदिर आसरा के समस्त दीदी ,आचार्य गण, एवं गांव के समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के बी.एस.सी. (गणित) चतुर्थ



सेमेस्टर के दस विद्यार्थियों ने हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण किया, जो उनके शैक्षणिक और अनुसंधान दृष्टिकोण के लिए अत्यंत प्रेरणादायक साबित हुआ। यह शैक्षणिक यात्रा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन तथा भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. पी. बी. टांक और डॉ. एस. के. पटेल के निर्देशन में संपन्न हुई। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उच्च तकनीकी शिक्षा, अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं और नवाचार के प्रवाह से प्रत्यक्ष परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के उन्नत शैक्षणिक वातावरण का विस्तृत अवलोकन किया। इस प्रतिष्ठित संस्थान में छात्रों को केंद्रीय पुस्तकालय, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर सेवा केंद्र और अन्य तकनीकी संसाधनों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। विशेष रूप से छात्रों ने संस्थान की केंद्रीय उपकरण सुविधा और विभिन्न विभागों के शोध प्रयोगशालाओं का दौरा किया, जहाँ प्रोफेसरों और शोधार्थियों ने वर्तमान शोध परियोजनाओं, तकनीकी नवाचारों और वास्तविक दुनिया की समस्याओं पर काम कर रहे प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त 8 मार्च को होगी जारी

### जिले के 9 स्थानों पर होगा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नादगाव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। बस्तर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा प्रदेश की महिलाओं से संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर कबीरधाम जिले में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के कुल 9 स्थानों पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मुख्य रूप में शामिल होंगे। वहीं रणवीरपुर (लोहारा) के स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल होंगी। इसके अलावा बोड़ला के मंगल भवन, चिल्फी परियोजना कार्यालय के हाल, तरेगांव जंगल के परियोजना कार्यालय हाल, पंडरिया के सामुदायिक भवन, कुकदूर के परियोजना कार्यालय हाल, कुंडा के परियोजना कार्यालय हाल तथा दशरंगपुर के परियोजना कार्यालय हाल में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहेंगी।




## संभाग आयुक्त ने जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण किया

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** संभाग आयुक्त दुर्ग श्री एसएन राठौर ने आज जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों एवं कक्षों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, एसडीएम श्री नूतन कंवर, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान संभागायुक्त ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी एवं सामान्य रोगी कक्ष, नाक, कान एवं गला रोग विभाग, आपातकालीन कक्ष, पुरूष एवं महिला मेडिकल वार्ड आदि विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। श्री राठौर ने नाक, कान एवं गला विभाग के ओपीडी में पहुँचकर मौके पर उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों की जांच हेतु उपकरणों की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। संभागायुक्त ने पुरूष मेडिकल वार्ड में पहुँचकर वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। श्री राठौर ने पुरूष वार्ड में भर्ती मरीज निर्मल से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों तथा अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों को मरीजों का समुचित इलाज करने के अलावा उनके साथ मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने की भी समझाईश दी। संभागायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को जिला चिकित्सालय परिसर में प्रतीक्षालय एवं कैंटिन निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



## संघर्ष भरे जीवन से सफलता तक पहुँचीं लखपति दीदी ललिता साहू

### मेहनत और समूह के सहयोग से बदली तकदीर, बनीं आत्मनिर्भर



**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** यह कहानी है छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की रहने वाली श्रीमती ललिता साहू की, जिन्होंने अपनी मेहनत और जय मां महामाया स्व-सहायता समूह के सहयोग से अभावों के जीवन को पीछे छोड़कर लखपति दीदी बनने का गौरव हासिल किया। समूह से जुड़कर उन्होंने न केवल अपने जीवन की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम भी उठाया। आज वे फ्लाई ऐश ब्रिक्स के कार्य से अच्छी आय अर्जित कर अपने परिवार का जीवन स्तर सुधार रही हैं। समूह से जुड़ने से पहले ललिता साहू का जीवन काफी संघर्षपूर्ण था। परिवार के भरण-पोषण के लिए उन्हें मजदूरी का सहारा लेना पड़ता था। आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण घर की आवश्यकताओं को पूरा करना और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाना उनके लिए काफी कठिन हो जाता था। उस समय उनकी कुल वार्षिक आय लगभग 80 हजार रुपये थी, जिसमें कृषि, पशुपालन और मजदूरी से होने वाली आय शामिल थी। सीमित आय के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और भविष्य को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी।


## अरसीटोला के ग्रामीणों ने रोजगार सहायक को हटाने के लिए जनपद पंचायत का किया घेराव

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रेत्र के अंतर्गत ग्राम अरसीटोला के ग्रामीणों ने तीन चार गाड़ियों में भराकर पूरा ग्रामीणों ने गांव के ही रोजगार सहायक कौशल कुंजाम को तत्काल हटाने और उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही को लेकर 2 घंटे तक जनपद पंचायत डोंगरगांव का घेराव ग्रामीणों ने किया था, ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सहायक कौशल कुंजाम के कार्यप्रणाली से ग्रामीण संतुष्ट नहीं है ग्रामीणों ने रोजगार सहायक के ऊपर अनेक गंभीर आरोप लगाया है ग्राम अरसीटोला के सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा अगर रोजगार सहायक को इस गांव से अन्यत्र स्थान नहीं भेजा गया तो एक सप्ताह के भीतर पूरा ग्रामीणों के द्वारा नेशनल हाईवे के मुख्य मार्ग में चक्काजाम किया जाएगा, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण जनों ने सीईओ रोशनी भगत और जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजिता पटौदी के नाम से ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी विद्या चंद्राकर और ओमप्रकाश जैन करारोपण अधिकारी को दिया गया है ज्ञापन में ग्रामीणों ने रोजगार सहायक को तत्काल हटाने की मांग और उनके जगह दूसरे रोजगार सहायक को भेजने की मांग की गई है, जनपद पंचायत डोंगरगांव के सीईओ रोशनी भगत ने कहा ग्राम अरसीटोला के ग्रामीणों ने लिखित आवेदन दिया गया है।



## धर्म समाचार....

# साल में दो बार क्यों लगता है खरमास? समझें इसके पीछे का पूरा गणित



सनातन धर्म में रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित होता है। इस दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस समय कुमकुम मिश्रित जल से भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाता है। साथ ही जप-तप और दान-पुण्य किया जाता है। लाल रंग की चीजों का दान करने से सूर्य देव प्रसन्न होते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य देव की पूजा करने से व्यक्ति विशेष को करियर में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही आरोग्य जीवन का वरदान मिलता है। शास्त्रों में शारीरिक कष्टों (त्वचा संबंधी परेशानी) से मुक्ति के लिए सूर्य देव की उपासना करने का विधान है। लेकिन क्या आपको पता है कि साल में दो बार क्यों खरमास लगता है और खरमास का धार्मिक महत्व क्या है? आइए समझें पूरा गणित-

**कब लगता है खरमास ?**

ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य देव एक राशि में 30 दिनों तक रहते हैं। इसके बाद राशि परिवर्तन कर दूसरी राशि में गोचर करते हैं। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने की तिथि पर संक्रांति मनाई जाती है। वहीं, सूर्य देव के गुरु की राशि धनु या मीन में गोचर करने के दौरान खरमास लगता है।

**यह वीडियो भी देखें**

सूर्य देव के धनु और मीन राशि में गोचर करने के दौरान सूर्य के समीप होने से गुरु का प्रभाव क्षीण या शून्य हो जाता है। गुरु शुभ कार्य या मांगलिक कार्य के कारक माने जाते हैं। गुरु का प्रभाव शून्य होने के




चलते शुभ काम करने की मनाही होती है। वहीं, सूर्य देव के धनु से निकलकर मकर या मीन से निकलकर मेष राशि में गोचर करने के दिन से शुभ काम किया जाता है।

**खरमास 2026**

साल 2026 में आत्मा के कारक सूर्य देव 15 मार्च को मीन राशि में गोचर करेंगे। वहीं, 14 अप्रैल को सूर्य देव मेष राशि में प्रवेश करेंगे। अतः 14 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक खरमास रहेगा। इस दौरान शुभ काम नहीं किया जाएगा।

**खरमास 2026**

सूर्य देव के धनु राशि में गोचर करने के साथ ही खरमास शुरू होगा। इस साल 16 दिसंबर से लेकर 13 जनवरी तक खरमास है। इसके अगले दिन 14 जनवरी को सूर्य देव मकर राशि में गोचर करेंगे। अतः मकर संक्रांति के दिन खरमास समाप्त होगा। खरमास के दौरान भगवान विष्णु की पूजा करने से सूर्य और गुरु दोनों की कृपा बरसती है।

### इस बार की चैत्र पूर्णिमा क्यों मानी जा रही है बेहद खास? एक नजर शुभ मुहूर्त और संयोग पर

सनातन धर्म में चैत्र महीने का खास महत्व है। इस महीने में देवी मां दुर्गा को समर्पित चैत्र नवरात्र मनाया जाता है। चैत्र नवरात्र के दौरान देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नवरात्र का व्रत रखा जाता है।

चैत्र महीने का समापन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होता है। इस शुभ अवसर पर चैत्र पूर्णिमा मनाया जाता है। पूर्णिमा तिथि पर स्नान-ध्यान कर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। साथ ही जप-तप और दान-पुण्य किया जाता है। आइए, चैत्र पूर्णिमा पर की सही तिथि, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं-

**शुभ मुहूर्त**- चैत्र पूर्णिमा की शुरुआत 01 अप्रैल को सुबह 07 बजकर 06 मिनट पर होगी। वहीं, 02 अप्रैल को सुबह 07 बजकर 41 मिनट पर पूर्णिमा तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। वर्तमान पंचांग गणना से 02 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा मनाई जाएगी। चैत्र पूर्णिमा के दिन चंद्रोदय का समय शाम 07 बजकर 02 मिनट पर होगा।

**चैत्र पूर्णिमा शुभ योग** - चैत्र पूर्णिमा पर शिववास योग का निर्माण हो रहा है। वहीं, हस्त और चित्रा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही अभिजीत एवं हर्षण मुहूर्त योग का भी संयोग है। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी।



nandgaon times march-07-3.qxd 3/6/2026 11:26 PM Page 4






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com